डिजिटल अधिकार

amazon future engineer

क्या आप जानते हैं?

अधिकार वे सुरक्षा और स्वतंत्रताएँ हैं जो हर इंसान को कानून के तहत मिलती हैं, ताकि हम सभी सम्मान के साथ जी सकें और समाज का हिस्सा बन सकें। हमारे संविधान में दिए गए मौलिक अधिकारों में समानता का अधिकार, शोषण से बचाव, जीवन का अधिकार और भी बहुत कुछ शामिल हैं। इसी तरह, अलग-अलग कानून यह भी सुनिश्चित करते हैं कि हम डिजिटल नागरिकों, यानी इंटरनेट के उपभोगकर्ताओं, के रूप में अपने अधिकारों का इस्तेमाल कर सकें। डिजिटल अधिकार एक नया मुद्दा है, और इसका तात्पर्य इंटरनेट और टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करने के लिए आवश्यक आज़ादी और सुरक्षा से है। आपके हिसाब से, डिजिटल अधिकारों में क्या-क्या होना चाहिए?

गोपनीयता का अधिकार: हर व्यक्ति को अपनी निजी जानकारी दूसरे व्यक्तियों, कंपनियों या सरकार से गोपनीय, यानिकि छुपाकर, प्राइवेट रखने का अधिकार है।

स्वतंत्र अभिव्यक्ति का अधिकार: हर व्यक्ति को बिना डर या रुकावट के अपनी राय खुलकर बोलने का अधिकार है।

समान पहुंच का अधिकार: हर व्यक्ति को तकनीक और इंटरनेट तक पहुंचने का अधिकार है, चाहे वह किसी भी लिंग, धर्म, वर्ग, स्थान, जाति या समुदाय से हो।

व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिकार: हर व्यक्ति को यह जानने का अधिकार है कि उनके बारे में कौन सी जानकारी इकट्ठा की गई है। उनकी जानकारी का इस्तेमाल - खासकर कंपनियों और सरकारों द्वारा - कब, कहाँ और कैसे किया जाता है, उस पर उनका नियंत्रण भी होना चाहिए। साथ ही, सब अपना डेटा डिलीट करने की मांग भी कर सकते हैं - यानिकि अपने आप को भुलाए जाने का अधिकार!

अंतर ढूँढो

amazon future engineer

क्या आप इन दो तस्वीरों के बीच फर्क पहचान सकते हैं? गायब चीज़ें किन डिजिटल अधिकारों को दिखाती हैं?



नियम बनाएं!

amazon future engineer

कल्पना करें कि आप सरकार चला रहे हैं — आप कौन से नियम बनाएंगे? नीचे दी गई हर क्रिया के लिए आप अनुमति देंगे या नहीं? अपनी नोटबुक में नीचे जैसा कॉलम बनाएं और उन चीज़ों को, अपने हिसाब से, उनकी जगह पर भरें!

अनुमती दें	मना करें

स्कूल्स 18 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए अनुचित वेबसाइट्स को बैन करना चाहते हैं

किसी दूसरे समुदाय के खिलाफ नफरत भरी बातें शेयर करना

माता-पिता अपने बच्चों की लोकेशन हमेशा ट्रैक करना चाहते हैं, चौबीसों घंटे, सातों दिन

एक वीडियो ऐप लोगों का इंटरनेट इतिहास रिकॉर्ड करना चाहता है ताकि उनके शौक के हिसाब से वीडियो दिखा सके।

आपने जो निर्णय लिए, वह क्यों लिए? क्या आपके लिए कोई भी निर्णय ऊपर दिए अधिकारों के विरुद्ध हैं, या उन्हें बनाए रखने में बाधा पैदा करते हैं?

क्या आप जानते हैं?

हमारे अधिकारों को छीना नहीं जा सकता, लेकिन कभी-कभी जब वे दूसरों के अधिकारों को खतरे में डालते हैं या हमारे अन्य अधिकारों से टकराते हैं, तो सीमाएं बनानी पड़ती हैं। उदाहरण के लिए, एक व्यक्ति की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता दूसरे के जीने के अधिकार को खतरे में डाल सकती है। सुरक्षा के लिए उठाए जाने वाले कदम हमारी गोपनीयता के उल्लंघन की वजह बन सकते हैं। ज़िम्मेदार नागरिक बनने के लिए अपने अधिकारों को अच्छे से समझें, और जिम्मेदारी से जीएं ताकि सभी के अधिकारों की सुरक्षा हो सके।

amazon future engineer

हमारी ज़िम्मेदारियाँ

क्या आप मैरी को डिजिटल नागरिक के रूप में उसकी ज़िम्मेदारियों को समझने में मदद कर सकते हैं? वह यह कैसे सुनिश्चित कर सकती है कि सभी के अधिकार सुरक्षित रहें, ताकि इंटरनेट सभी के लिए सुरक्षित और मज़ेदार हो?

इन डिजिटल जिम्मेदारियों को सुलझाएं!

अन्य की गोपनीयता सम्मान लोगों करें का

की रिपोर्ट करें धोखाधड़ी उत्पीड़न और

न फैलाएं जानकारी गलत

फैलाने संदेश न वाले हिंसा या घृणा भेजें

कोई न नाटक और का ऑनलाइन होने करें

के अपने पर दूसरों प्रभाव को पोस्ट समझें

रायों का विभिन्न सम्मान करें

को प्रयास पहुंच बनाने वास्तविकता समान के लिए करें

क्या आपने सभी को सुलझा लिया? अब इंटरनेट को एक आज़ाद और अद्भुत जगह बनाने में मदद करें!

उत्तर

amazon future engineer

फर्क पहचानो



गोपनीयता का अधिकार



खुद के डाटा तक पहुँचने और जांचने का अधिकार

स्वतंत्र विचार व्यक्त करने का अधिकार



खुद को भुलाये जाने का अधिकार



समान पहुंच का अधिकार

हमारी ज़िम्मेदारियाँ

अन्य लोगों की गोपनीयता का सम्मान करें
धोखाधड़ी और उत्पीड़न की रिपोर्ट करें
गलत जानकारी न फैलाएं
घृणा या हिंसा फैलाने वाले संदेश न भेजें
ऑनलाइन कोई और होने का नाटक न करें
अपने पोस्ट के प्रभाव को दूसरों पर समझें
विभिन्न रायों का सम्मान करें
समान पहुंच को वास्तविकता बनाने के लिए प्रयास करें